باسمہٖ تعالیٰ

खास-खास फज़ीलतोंवाली

मस्नून दुआएं

हदीस शरीफ में आई हुई मस्नून दुआओं के अजीब अजीब फायदे

मुस्तनद किताबों के हवालों के साथ

जमा-तरतीब

मुफ्ती महमूद मौलाना सुलैमान बारडोल्वी साहब दा:ब.

जामीअह इस्लामियह डाभेल - सीमलक

नाशीर

जामीअह दारूल-एहसान बारडोली, व्यारा सोनगढ, नवापूर

किताब का नाम	खास–खास फज़ीलतोंवाली मस्नून दुआएं
जमा–तरतीब	मुफती महमूद मौलाना सुलैमान बारडोल्वी साहब दा.ब.
तअदाद	११००
टाइप सेटींग	मुफती मुहंमद अमीन उधना
तबए अव्वल	जमादिल आखर १४३१ हिजरी जुलाई २०१० इस्वी

किताब की तैयारी में मुआविन

(१) मुफती मुहंमद सअद हाफिज़ यहया आनंदी

उस्तादुत्तजवीद वलउलूमिल अरबियह, जामिअह रहमानियह खांभिया, आलीपूर

(२) मुफती मुहंमद नदीम मोल्वी नूर मुहंमद वेरावली

खादिम शोअबए दअवत वज़ारतुल अवकाफ बहरीन

नाशीर

जामेअह दारूल–एहसान बारडोली, सोनगढ, नवापूर

فہرس

	बिस्मिही तआला	
	पेशे खिदमत	
	पेश लफ्ज़	
	अमल छोटा सवाब बडा	
१	थोडी देर में बहोत ज़्यादह नेकी	
२	फरीश्तों का रहमत की दुआ देना और शहादत की मोत नसीब होना	
३	फकीरी ओर कब्र की गभाराहट से हिफाज़त और जन्नत और मालदारी हासिल होना	
४	जिस दुआ से खुद अल्लाह तआला बंदे को राज़ी करने की ज़िम्मेदारी लेवे।	
५	बहुत से फायदे वाला कलिमह	
६	सुब्ह शाम के दरमियान की कोताहियां मुआफ होने का वज़ीफा	
७	अल्लाह की मुहब्बत और अमल के तराज़ु में भारी	
८	पहाडों के बराबर अज्र	
९	एक लाख नेकियां	

	हिफाज़त के मुतअल्लिक दुआएं	
१०	आयतुल कुर्सी के खास फज़ाइल	
११	सुरए इखलास और मुअव्वज़तैन के फज़ाइल–फवाइद–पढने के अवकात और तरीका	
१२	हर बिमारी से शिफा के लिये	
१३	सोते वक्त पढने की तीन सुरतें	
	जिन्नात और जादू और हर शैतान से हिफाज़त के लिये दुआएं	
१४	जादु से हिफाज़त के मुफीद कलिमात	
१५	जिन्नात से हिफाज़त के लिये दुआ	
१६	शैतान के मक्र और शर से बचने के लिये	
	एकसिडन्ट और अचानक आनेवाली मुसीबत से हिफाज़त की दुआएं	
१७	अचानक आनेवाली मुसीबत और एकसीडन्ट वगैरह से हिफाज़त की दुआ	
१८	जान–माल और घरबारकी सलामती की दुआ	
	दुश्मनों और बलाओं से हिफाज़त	
१९	सुब्ह–शाम मांगने की दो मुबारक दुआएं	
	हर बुराइ हर तकलीफ से हिफाज़त	
२०	हर तकलीफ से अमान पाने की दुआ	

२१	आयतुल कुर्सी और सुरए मुअमिन की चंद आयतोंकी फज़ीलत	
२२	हिफाज़त के लीये हज़. अनस रदि. की खास दुआ	
	हर किस्म के गम और दुश्मन से हिफाज़त	
२३	गम और कर्ज़ से छुटकारा पानेका मुजर्रब वज़ीफा	
	अल्लाह तआला गम को खुशी से बदल दे	
२४	अल्लाहतआला गम को खुशीयों से बदल देवे	
२५	बुरा बुढापा,बखीली,बुज़दिली दुनिया के फित्ने और अज़ाबे कब्र से हिफाज़त की एक जामेअ दुआ	
	औरतों और बच्चों के लिये खुसुसी हिफाज़त की दुआएं	
२६	औरतों और बच्चों के लीये हिफाज़त की दुआ	
२७	बच्चों को पनाह में देने के लीये पढे जानेवाले कलिमात	
	गुस्से से हिफाज़त	
२८	जब गुस्सा आए तो यह दुआ पढें	

२९	जब किसीको मुसीबत में देखे तो अपनी हिफाज़त के लिये यह दुआ पढे	
	शिर्क और दिखलावे से हिफाज़त	
३०	शिर्के अकबर (यअनी अल्लाह तआला के साथ किसीको शरीक करना) शिर्के असगर (यअनी रियाकारी, किसीको दिखाने के लिये अमल करना) दोनों से हिफाज़त की एक जामेअ दुआ	
	बिमारी या बदन में दर्द या गभराहट दुर करने के लीये खास खास दुआएं	
३१	गभराहट के वक्त पढने की दुआ	
३२	आंख की बिमारी की दुआ	
३३	सख्त बिमारी के वक्त पढने की आयत	
३४	हर किस्म के दर्द ओर बुखार की दुआ	
३५	बिमारी दूर करने के लिये	
	तंदुरस्ती और दीन दुनिया की आफियत और सलामती की दुआएं	
३६	तंदुरस्ती और आफियत के लिये	
३७	हिफाज़त और आफियत की खास दुआ	
३८	सुरए मुअमिनुन की आखरी आयत का अजीब फायदा	

हर किस्म की मुश्किलात में आसानी और बेचेनी दूर करने की दुआएं

३९	भारी से भारी काम में आसानी के लिये	
४०	मुश्किलात पर उबूर (काबु) हासिल करने का नुस्खा	
४१	इजतिमाइ–इन्फिरादी मुसीबतों के वक्त	
४२	तकलीफ और बेचेनी के वक्त पढने की दुआ	
४३	जो आदमी दुनिया के सब सहारों से मायुस हो गया हो उसके लिये एक जामेअ दुआ	
४४	हर काम आसान हो जावे	

नमाज़ से मुतअल्लिक पढने की खास खास दुआएं

४५	नमाज़ के बाद पढने की खास दुआ	
४६	फर्ज़ नमाज़ों के बाद की एक और दुआ	
४७	नमाज़ के बाद की खास दुआ	
४८	नमाज़ के बाद पढने का एक अमल	
४९	नमाज़ के बाद की अजीब फज़ीलत की दुआ	
५०	नमाज़ के बाद की दुआ	
५१	दो सजदों के दरमियान की दुआ	

५२	वित्र की नमाज़ के बाद पढने की दुआ	
५३	तहजजुद की नमाज़ को उठे तो यह दुआ पढे	
	अगर तुम चाहो के तुम्हारी दुआ कबूल हो जावे	
५४	अगर तुम चाहो के तुम्हारी दुआ कुबूल हो जाए	
५५	दुआ मांगने से पहले पढने की दुआ	
	रोज़ी में बरकत और कर्ज़ की अदायगी ओर फकीरी और मोहताजी से हिफाज़त की दुआएं	
५६	कर्ज़ की अदायगी के लिये	
५७	सुब्ह के वक्त यासीन शरीफ पढने का फायदा	
५८	गम और कर्ज़ से छुटकारा पानेका मुजर्रब वज़ीफा	
५९	रोज़ी में बरकत और ज़ियादती	
६०	जिस दुआ पढने से पहाड बराबर कर्ज़ हो तो भी अदा हो जाएगा	
६१	मालदारी हासिल करने के लिये	
६२	रोज़ी में बरकत के लिये	
६२	फकीरी और मोहताजी से हिफाज़त के लिये	
	सुब्ह-शाम की कुछ खास दुआएं	
६३	इस्तिगफार का सरदार	

६४	सुब्ह शाम पढने की एक खास दुआ	
६५	दिन ओर रात की नेअमतों का शुक्रियह अदा करने की दुआ	
६६	इस्तिगफार का खास फायदा	
६७	सुब्हानल्लाह-अल्हम्दुलिल्लाह-लाइलाह इल्लल्लाह- अल्लाहु अकबर १०० मरतबह पढने का सवाब	
	सोने के वक्त की दुआएं और आअमाल	
६८	सोते वक्त का पेहला अमल	
६९	दूसरा अमल	
७०	तीसरा अमल	
७१	चौथा अमल	
७२	पांचवा अमल	
७३	छठ्ठा अमल	
७४	बहुत परेशानी और रात को नींद न आने के वक्त पढने की दुआ	
७५	नींद में बेचैनी और गभराहट की दुआ	
७६	अच्छा या बुरा ख्वाब देखे तो यह अमल करे	
७७	नींद के लिये बेहतरीन दुआ	

जहन्नम की आग, अज़ाबे कब्र और कुफ्र से हिफाज़त की दुआएं

७८	जहन्नम से छुटकारे का वज़ीफा
७९	जहन्नम से छुटकारे की दुआ
८०	अज़ाबे कब्रसे हिफाज़त के लीये एक दुआ
८१	कुफ्र मोहताजी ओर अज़ाबे कब्र से पनाह मांगने की दुआ
८२	अज़ाबे कब्र से हिफाज़त के लिये एक दुआ
	कुछ खास खास दुआएं
८३	हज़. मुसा अल. की दुआ
८४	तमाम मकासिद के शुरू में यह दुआ पढे
८५	कयामत के रोज़ हुज़ूर ﷺ की शफाअत नसीब होगी
८६	दुश्मन की नज़र से छुपे रेहने का एक अमल
८७	जब बच्चा बोलना सीखे तो उसको सबसे पहले क्या याद करावे?
८८	कअबह के परदों से चिमट कर मांगने की दुआ
८९	खुशी के मौके की दुआ और नापसंदीदह चीज़ के वक्त की दुआ
९०	खटमल-पिस्सु-मख्खी-बिच्छु से हिफाज़त की दुआ

९१	एक खास दुआ जिसके पढने का घरवालों को पाबंद बनाने का खुद हुज़ूर صلى الله عليه وسلم ने हुकम दिया	
९२	हर मजलिस के आखिर में पढने की दुआ	

रात–दिन पेश आनेवाली जरूरियात से मुतअल्लिक मस्नून दुआएं

१	सोकर उठने की दुआ	
२	बयतुलखला जाते वक्त की दुआ	
३	बयतुलखला से निकलते वक्त की दुआ	
४	सुब्ह के वक्त की दुआ	
५	सुरज निकलते वक्तकी दुआ	
६	कपडे पहेनते वक्त की दुआ	
७	नया कपडा पहेनते वक्त	
८	कपडे निकालते वक्तकी दुआ	
९	शाम हो तब पढने की दुआ	
१०	वुज़ु शुरूअ करते वक्त की दुआ	
११	वुज़ू के दरमियान की दुआ	

१२	वुज़ु के बाद की दुआ	
१३	वुज़ू के बाद की एक और दुआ	
१४	मस्जिद में दाखील होनेकी दुआ	
१५	मस्जिद से निकलते वक्त	
१६	अज़ान के वक्तकी दुआ	
१७	मगरिब की अज़ान के वक्त	
१८	अज़ान के बाद पढने की दुआ	
१९	सना:	
२०	अत्तहिय्यात:	
२१	दुरूद शरीफ	
२२	दुरूद शरीफ के बाद की दुआ:	
२३	दुआए कुनुत:	
२४	फर्ज़ नमाज़ों के बाद की दुआ	
२५	फर्ज़ नमाज़ों के बाद की एक और दुआ	
२६	घर में दाखील होते वक्त की दुआ	
२७	घर से निकलने की दुआ	
२८	घर से निकलते वक्त की एक और दुआ	
२९	खाना खाने से पेहले	
३०	खाना खाने से पहले की दूसरी दुआ	
३१	खाना खाने के बाद	

३२	खाना खाने के बाद की एक और दुआ	
३३	खाना खाने के बाद की एक और दुआ	
३४	पानी पीने के बाद की दुआ	
३५	दस्तरख्वान उठाते वक्त की दुआ	
३६	दुध पीने के बाद की दुआ	
३७	आइना देखते वक्त की दुआ	
३८	सफरमें जाते वक्त और लोटते वक्तकी दुआ	
३९	कीसी शहरमें दाखील हो तब	
४०	जब मुसीबत पहोंचे	
४१	जब छींक आवे	
४२	सोते वक्त पढने की मस्नुन दुआ	
४३	सोते वक्त पढने की एक और दुआ	
४४	सोते वक्त पढने की एक और दुआ	
४५	बाज़ार में दाखील होने की दुआ	
४६	खाना शुरूअ करते वक्त बिस्मील्लाह भुल जाये तो यह दुआ पढे	
४७	दअवत खा कर यह दुआ पढे	
४८	इफतार के वक्त की दुआ	
४९	किसीके यहां इफतार के वक्त पढने की दुआ	

५०	मोसम का नया फल देखने के वक्त पढने की दुआ	
५१	मरीज़ की इयादत के वक्त पढने की दुआ	
५२	मरीज़ की इयादत के वक्त पढने की एक और दुआ	
५३	नया चांद देखे	
५४	रजब का चांद देखने के वक्त की दुआ	
५५	बारिश के वक्तकी दुआ	
५६	जब बादल गरजे	
५७	बिजली से हीफाज़त की दुआ	
५८	अगर बारिश न होती हो	
५९	जब अपनी बस्तीमें बारिश बहुत ज्यादा हो जावे और करीबकी बस्तीयोंमें बारिश न होती हो।	
६०	जब किसीको रूख्सत करे तो यह दुआ पढे	

बिस्मीोही तआला

इस किताब के बारे में अल्लाह तआला का फज़्ल

अल्लाह तआला के फज़्लो करम से "खास–खास फज़ीलतोंवाली मस्नुन दुआएं" गुजराती ज़बान में चार मरतबह छपी, हर मरतबह कुछ दुआएं बढाइ गईं। फिर हिन्दी–उर्दु में छप कर मकबूल हुई। उसमें से बाज़ दुआओं का इन्तिखाब कर के अंग्रेजी ज़बान में दो एडीशन छपे। यह अल्लाह तआला का फज़्लो करम हे। फिर मकतब के निसाब के लिये रोज़ाना की जरूरियात के मुतअल्लिक मस्नुन दुआएं जमा की गई जिसके दो एडीशन छप गये। इस मरतबा में दोनों तरह की मस्नून दुआओं को जमा करके और उसमें कुछ दुआएं ज्यादा करके आपकी खिदमत में पेश किया जा रहा हे। वैसे दोनों किताबें अलग अलग मुख्तलिफ ज़बानो में भी छप छुकी हें। जो जेब में रखने की साइज़ की है, जिसको आप हासिल कर सकते है। अल्लाह तआला अपने फज़्ल से कबूल फरमाए। आमीन।

–: उलमाए किराम और मसाजिद के इमामों से खास दरख्वास्त :–

मस्नून दुआओं की अहादीसे पाक सीखने सीखाने का आसान तरीका:

रोज़ानह या हफते में किसी दिन फजर की नमाज़ के बाद या किसी और नमाज़ में फर्ज़ से फारिग हो कर फोरन पांच या दस मिनट का वक्त दुआएं सीखनें के लिये फारिग करें। मुसलमान भाईओं को समज़ावे के यह मस्नून दुआएं हज़रत नबीये पाक सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम के मुबारक अल्फाज़ है। और उसमें बहोत सारे फायदे है।

फिर एक एक दुआ तरतीब से एक दिन में सुनावे। पहले दुआ की फज़ीलत सुनावे। फिर खुद ठहर ठहर कर साफ साफ उंची आवाज़ से दुआ पढे। और तमाम हाज़िरीन से पढाते जावे। जो दुआ हदीसे पाक में जितनी मरतबह पढने का हुकम आया हे वह दुआ उतनी मरतबह उसी वक्त मजलिस में पढा देवे। या सीखाने–याद कराने की निय्यत से तीन मरतबह पढावे। फिर दूसरे रोज़ उसको पहले दोहरा लिया जावे। हो सके तो सिखाई हुई दुआ को अलग परचे में झेर्राक्स कर के मकामी ज़बान में तकसीम कर देवे। मस्जिद के बोर्ड पर लिख देवे। या यह किताब सबको तकसीम कर दी जावे। और एक एक हदीस तरतीब से याद करावे। इन्शाअल्लाह बहोत ही फायदा होगा। दुनिया के बहोत सारे मुल्कों के सफर में इस तरह बहोत ही कामियाब तजर्बा हासिल हुवा है।

–: पेशे खिदमत :–

महज़ अल्लाह तआला के फज़्ल से यह मस्नून दुआएं जो मुरत्तब हुई उसको तमाम जहांनो के लिये रहमतों वाले

हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलयहि वसल्लम

की खिदमते आली में पेश करता हुं।

–: इस उम्मीद के साथ :–

(१) उनके मुकद्दस शहेर में कयामत तक सोना नसीब हो जावे।
(२) कब्र–बरज़ख में उनके मुस्कुराते हुवे नुरानी चेहरए अनवर की ज़ियारत नसीब हो जाये।
(३) कयामत के रोज़ उनके गुलामों में मेरा शुमार हो जाये।
(४) मेदाने मेहशर में उनके नुरानी हाथों से जामे कवसर नसीब हो जाये।
(५) उनके साथ अल्लाह के अर्श के साये में जगह नसीब हो जाये।
(६) उनकी शफाअत इस गुनेहगार बंदे के हक में कुबूल हो जाये।
(७) उनके तुफैल से अल्लाह का फज़्ल नसीब हो जाये।
(८) उनकी चादर मुबारक के साये में जन्नतुल फिरदौस में अव्वलीन दाखलह नसीब हो जाये।

उम्मीदे खल्अते शाही न दारम
ब सर दारम ज़ तू दागे गुलामी

अय अल्लाह इस दुआ–उम्मीद को मेरे असातिज़ह–वालिदैन, अहलो अयाल, तलामिज़ह, मुतअल्लिकीन और पूरी उम्मत के हक में कबूल फरमाइए।

पेश लफ़्ज़

बिस्मिही तआला

हज़. मुहंमद ﷺ तमाम इन्सानों के लिये रहमत बन कर तशरीफ लाए, आपने दिन–रात में पेश आनेवाली ज़रूरतों के मोके पर दुआएं पढी, यह मस्नून दुआ बहोत ज्यादा खैर, रहमत, बरकत का ज़रिया है। हर दुआ के तर्जुमे को देखें तो उसमें नसीहत और सीखनें की बातें भी है, आज के फित्ने के ज़माने में हिफाज़त, आफियत हासिल करने के लिये यह दुआ पाबंदी से पढना चाहिये।

अलग–अलग मोके और ज़रूरियात की दुआ पढने का एक खास फायदा यह है के उसकी वजह से अल्लाह के ज़िक्र में याद में मश्गूल रेहने की फज़ीलत हासिल होती है। इन दुआओं को पढने से हुज़ूर नबीए करीम ﷺ से मुहब्बत और ईश्क भी ज्यादा होगा। और यह चीज़ कयामत में हुज़ूर ﷺ की शफाअत हासिल करनें का ज़रिया बनेंगी।

:जरूरी हिदायत:

(१) तमाम मुसलमान आसानी से पाबंदी कर सकें, इस लिये रोज़ाना की खास खास जरूरियात की दुआएं जमा की है।

(२) ज्यादा तर सहीह अहादीस को जमा करने की पूरी कोशिश की गई है।

(३) मकतब–स्कूल के बच्चों को हर हफते एक या दो दुआ इनकी ताकत के मुताबिक याद कराई जावे, और बार बार दौर कराया जावे।

(४) मां–बाप, असातिज़ह को चाहिये के मोके–मोके पर जैसे सुब्ह उठे, खाना खाने बेठें कुछ मुद्दत ज़ोर से दुआ पढाने की पाबंदी करें, ताके दुआ पढने की आदत हो जावे।

(५) बालिग–जवान हर एक मर्द–औरत याद करने की कोशिश करें, और जब तक याद न हो वहां तक किताब अपने साथ ही रख्खें।

–यह खज़ानह है अपने साथ में रखनें का।

और जब भी कोई ज़रूरत पेश आवे किताब खोल कर उसकी दुआ पढ लेवे। थोडे दिन पाबंदी

करने से दुआ भी याद हो जाएगी और इन्शाअल्लाह आदत भी बन जाएगी।

(६) किसी भाइ को कोइ गलती नज़र आए, हमको खबर फरमाएं, ताके उसकी इस्लाह हो जावे।

हक तआला हम सबको सुन्नतों की पाबंदी अता फरमावे और कयामत में हुज़ूर ﷺ के मुबारक हाथ से हौज़े कवसर का पानी पीना नसीब फरमावे। उनकी शफाअत की बरकत से अल्लाह हम सबको अपनी रज़ा, मुहब्बत, जन्नतुल फिरदौस अता फरमावे। आमीन। या रब्बल आलमीन

महमूद बारडोल्वी

जामिअह इस्लामियह डाभेल, सिमलक

अमल छोटा सवाब बडा

﴾१﴿ थोडी देर में बहोत ज्यादा नेकी

سُبْحَانَ اللّٰہِ وَ بِحَمْدِہٖ، عَدَدَ خَلْقِہٖ، وَ رِضَا نَفْسِہٖ، وَ زِنَۃَ عَرْشِہٖ، وَ مِدَادَ کَلِمَاتِہٖ.

(तीन मरतबह सुब्ह)

(मुस्नदे अहमद कुछ फर्क के साथ १/५८१ ह.नं. ३२९८)

फज़ीलत: उम्मुल मुअमिनीन हज़रत जुवयरियह रदि. इर्शाद फरमाती है के एक मरतबह हुज़ुर ﷺ सुब्ह की नमाज़ के वक्त, जब के वह (यअनी हज़रत जुवयरीया रदि.) अपने मुसल्ले पर थीं, (ज़िक्रो दुआ में मश्गूल थीं) उनके यहां से निकल कर गये फिर चाश्त के बाद लोटे और हज़रत जुवयरीया रदि. अभी तक उसी हालत पर बेठी थीं, हुज़ुर ﷺ ने पुछा:

तू अभी तक इसी हालत पर है, जिस हालत पर मैंने तुझे छोडा था?

(अपनी जगह से उठी नहीं?)

उन्होने कहा: जी हां। में इसी हालत पर हुं।

हुज़ुर ﷺ ने फरमाया मैंने तुझ से जुदा होने के

बाद चार कलिमात तीन मरतबह कहे, अगर इन को उन तमाम कलिमात के साथ जो तुने आज कहे है वज़न कर दीया जाए तो वह चार कलिमात (जो उपर लीखे है) उन पर गालिब हो जाएं। (मिश्कात १/२००)

﴾२﴿ फरीश्तों का रहमत की दुआ देना और शहादत की मोत नसीब होना

आगेवाली आयतें लिखे हुवे तरीके से सुब्ह के वक्त जो आदमी पढेगा तो सत्तर हजार फरीश्ते उसको शाम तक रहमत की दुआ देते रेहते है। और अगर उस दीन में उसका इन्तेकाल हो गया तो उसे शहादत का दर्जा मीलता है और जो शख्स यह दुआ और आयतें इसी तरह शाम के वक्त पढे तो उस के लिये भी (सुब्ह तक) यही दरजा है।

أَعُوذُ بِاللّٰهِ السَّمِيعِ الْعَلِيمِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيمِ.

(तीन मरतबह)

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ .

١ـ هُوَ اللّٰهُ الَّذِي لَآ إِلٰهَ إِلَّا هُوَ ج عَالِمُ الْغَيْبِ وَ الشَّهَادَةِ ج هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيمُ .

٢ـ هُوَ اللّٰهُ الَّذِي لَآ إِلٰهَ إِلَّا هُوَ ج اَلْمَلِكُ

الْقُدُّوسُ السَّلٰمُ الْمُؤْمِنُ الْمُهَيْمِنُ الْعَزِيزُ الْجَبَّارُ

الْمُتَكَبِّرُ ج سُبْحَانَ اللّٰهِ عَمَّا يُشْرِكُونَ ٥

٣ـ هُوَ اللّٰهُ الْخَالِقُ الْبَارِئُ الْمُصَوِّرُ لَهُ الْأَسْمَآءُ

الْحُسْنٰى ط يُسَبِّحُ لَهُ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَ الْأَرْضِ وَ

هُوَ الْعَزِيزُ الْحَكِيمُ ٥ (सूरए हश्र: २२,२३,२४)

(तिरमिज़ी: २/१२०)

ये अमल सुब्ह–शाम दोनों वक्त पढ लें।

﴾३﴿ फकीरी ओर कब्र की गभराहट से हिफाज़त और जन्नत और मालदारी हासिल होना

हदीसे पाकमें आता है जो शख्स रोज़ाना सौ मरतबह यह दुआ पढे।

لَآ إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ الْمَلِكُ الْحَقُّ الْمُبِينُ.

तो मोहताजी से महफुज़ रहेगा और कब्र की वहशत में उन्स हासिल होगा ओर इसके ज़रीये मालदारी भी हासिल करेगा ओर जन्नत का दरवाज़ा खिटखिटाएगा। (यअनी पहोंच जाएगा)

फज़्ल बीन गानिम ने फरमाया अगर इन्सान इस हदीस के लीये खुरासान यअनी (काफी लंबी मसाफत)

का भी सफर कर डाले तो वह भी कम है।

(कन्ज़ुलउम्माल ह.नं.३८९६ २/२३३)

﴾४﴿ जिस दुआ से खुद अल्लाह तआला बंदे को राज़ी करने की ज़िम्मेदारी लेते है।

जिस दुआ से खुद अल्लाह तआला बंदोको कयामत में राज़ी करनेकी ज़िम्मेदारी लेते है वह यह है।

رَضِيْتُ بِاللّٰهِ رَبًّا وَّ بِالْاِسْلَامِ دِيْنًا وَّ بِمُحَمَّدٍ نَبِيًّا وَّ رَسُوْلًا.

हज़. सवबान रदि. फरमाते है के रसुलुल्लाह ﷺ ने इर्शाद फरमाया जो मुसलमान बंदा सुब्ह-शाम तीन मरतबह उपर के कलीमात पढे, तो (कयामत के दीन) उसको राज़ी करने की ज़िम्मेदारी अल्लाह तआला लेंगे। (तिरमिज़ी : २/१७६, इब्ने माजह: २८४)

﴾५﴿ बहुत से फायदे वाला कलिमह

لَآ اِلٰــهَ اِلَّا اللّٰــهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ

وَلَهُ الْحَمْدُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ.

हदीस में है के जो शख्स सुब्ह के वक्त यह कलीमात कहे तो,

१. उसे हज़रत इस्माईल अल. की अवलादमें से एक गुलाम आज़ाद करनेका सवाब मीलता है।

२. उसके लीये दस (१०) नेकीयां लीखी जाती है।

३. उसके दस (१०) गुनाह मुआफ होते है।
४. उसके दस (१०) दर्जे बुलंद होते है।
५. वह शाम तक शयतान की शरारत से महफुज़ रहता है। और जो शख्स यह कलीमात शामको मगरिब के बाद कहे तो सुब्ह तक उसके लीये ऐसाही होता है।

(अबुदावुद: २/६९२)

*** इस सिलसिले में एक दूसरी रिवायत यह है**

لَآ إِلٰـهَ إِلَّا اللّٰـهُ وَحْـدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ الْحَمْدُ يُحْيِ وَيُمِيْتُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ.

हदीस में है जो शख्स फर्ज़ नमाज़ के बाद किसीसे बात किये बगैर नमाज़ ही की हालत में बेठ कर (यअनी कायदे में बेठते हें इस तरह) अपनी जगह से उठने से पहले यह कलिमात दस मरतबह कहे तो,

(१) उसके लिये दस नेकियां लिखी जाती है।
(२) दस गुनाह मुआफ होते है।
(३) दस दर्जे बुलंद होते है।
(४) वह पुरा दिन हर तकलीफ और हर आफत और शैतान की शरारत से महफूज़ रहता है।
(५) और उस दिन में गुनाहों से महफूज़ रहेगा। मगर यह के अल्लाह के साथ शिर्क करे।

(तिरमिज़ी: २/१८५)

नोट: एक रिवायत में दस गुलाम आज़ाद करने का सवाब भी आया है, और उस दिन में यह कलिमात पढनेवाले के लिये तस्बीह यअनी दुआ करते रहेंगे।

(मजमउज़्ज़वाइद: १०/११२)

इन कलिमात को सुब्ह और शाम १० मरतबह पढ लेना चाहिये।

(६) सुब्ह–शाम के दरमियान की कोताहियां मुआफ होने का वज़ीफा

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۝ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

فَسُبْحٰنَ اللّٰهِ حِيْنَ تُمْسُوْنَ وَ حِيْنَ تُصْبِحُوْنَ ۝ وَ لَهُ الْحَمْدُ فِي السَّمٰوٰتِ وَ الْأَرْضِ وَ عَشِيًّا وَّ حِيْنَ تُظْهِرُوْنَ ۝ يُخْرِجُ الْحَيَّ مِنَ الْمَيِّتِ وَ يُخْرِجُ الْمَيِّتَ مِنَ الْحَيِّ وَ يُحْيِ الْأَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا وَ كَذٰلِكَ تُخْرَجُوْنَ ۝

(सुरए रूम–२९)

फज़ीलत: हदीस में है के जो शख्स यह आयात सुब्ह के वक्त पढ लेवे तो उसकी दिनकी कोताहियों की तलाफी हो जाएगी और जो शामको यह आयात पढे उसकी रातभर की कोताहियों की तलाफी हो जाएगी।

(अबु दावुद: २/६९२)

नोटः कोताहियों की मुआफी का एक मतलब यह है के जो अवराद (यअनी मअमूलात) छूट गए हों उसकी तलाफी की भी उम्मीद है। (अवनुल मअबूदः १३/२८३)

﴾७﴿ अल्लाह की मुहब्बत और अमल के तराज़ु में भारी

سُبْحَانَ اللّٰهِ الْعَظِيْمِ وَبِحَمْدِهٖ.

फज़ीलतः एक हदीस में है के जो शख्स इस कलिमह को सुब्ह में सौ मरतबह और शाम में सौ मरतबह पढे तो इसके इस अमल की बराबरी मख्लुक में से कोई भी नहीं कर पाएगा। (अबुदाउदः २/६९४) अगर इस कलिमह के बाद سُبْحَانَ اللّٰهِ الْعَظِيْمِ बढा कर पुरा कलिमह...

سُبْحَانَ اللّٰهِ وَبِحَمْدِهٖ سُبْحَانَ اللّٰهِ الْعَظِيْمِ.

पढे तो और ज्यादा बेहतर है।

(फत्हुलबारीः १३/५४२ मत्बूआ दारूल मआरिफ बैरूत)

कयुंके एक हदीस में है के यह दोनों कलिमात अल्लाह तआला को बहुत महबुब है। और अमल तोलने के तराज़ु में उनका बहुत वज़न है, (बुखारी शरीफः २/११२८) यह दोनों कलिमात बहुत ही मुख्तसर और बहुत फज़ीलतवाले है। फज्र और अस्र के बाद या रात को सोने से पहले और उठने के बाद सौ

मरतबह ज़रूर पढ लें, इससे अल्लाह तआला की मुहब्बत में इज़ाफह होगा, गुनाहों से बचना आसान होगा।

﴾٨﴿ पहाडों के बराबर अज्र

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۞ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۞

وَقُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ لَمْ يَتَّخِذْ وَلَداً وَّلَمْ يَكُنْ لَّهٗ شَرِيْكٌ فِيْ الْمُلْكِ وَلَمْ يَكُنْ لَّهٗ وَلِيٌّ مِّنَ الذُّلِّ وَكَبِّرْهُ تَكْبِيْراً.

जो आदमी यह आयत पढेगा उसके लिये अल्लाह तआला ज़मीन और पहाडों के बराबर अज्र लिखेगा। (कुरतुबी: १०/३४५)

﴾٩﴿ एक लाख नेकियां

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ تَوَاضَعَ كُلُّ شَيْءٍ لِعَظَمَتِهٖ ، وَ الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ ذَلَّ كُلُّ شَيْءٍ لِعِزَّتِهٖ، وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ أَخْضَعَ كُلُّ شَيْءٍ لِمُلْكِهٖ.

जो शख्स इसको सुब्ह के वक्त पढे उसके लिये एक लाख नेकियां लिखी जाएगी और अगर इन्तेकाल

हो जाए तो उसकी रूह को सब्ज़ परिन्दों की शकल में जन्नत में आज़ाद छोड दिया जाएगा जहां चाहे फिरे।

(अददुआअ, तबरानी: ३२५)

••••••••••••••*

हिफाज़त के मुतअल्लिक दुआएं

﴾१०﴿ आयतुल कुर्सी के खास फज़ाइल

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۝ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

اَللّٰهُ لَآ اِلٰـهَ اِلَّا هُوَ ج اَلْحَيُّ الْقَيُّوْمُ ج لَا تَأْخُذُهٗ سِنَةٌ وَّلَا نَوْمٌ ط لَـهٗ مَـا فِي السَّمٰوٰتِ وَ مَا فِي الْاَرْضِ ط مَـنْ ذَا الَّـذِيْ يَشْفَعُ عِنْدَهٗ اِلَّا بِاِذْنِهٖ ط يَـعْلَمُ مَا بَيْنَ اَيْـدِيْهِـمْ وَ مَا خَلْفَهُمْ ج وَ لَا يُـحِيْـطُوْنَ بِشَيْءٍ مِنْ عِلْـمِهٖٓ اِلَّا بِمَا شَآءَ ج وَسِـعَ كُـرْسِيُّهُ السَّمٰوٰتِ وَ الْاَرْضَ ج وَ لَا يَـئُـوْدُهٗ حِـفْظُهُـمَـا ج وَ هُـوَ الْـعَلِيُّ الْعَظِيْمُ ۝

यह आयत कुर्आने करीमकी अज़ीम तरीन आयत है। अहादीस में उसके बडे फज़ाइल व बरकात मज़कुर है। मुस्नदे अहमद की रिवायत में है के रसुलुल्लाह ﷺ ने इसे सब आयतसे अफज़ल फरमाया है और एक दुसरी रिवायत में है के रसुलुल्लाह ﷺ ने हज़रत उबय इब्ने कअब रदि. से दरयाफत किया के

कुर्आन मे कोनसी आयत सबसे अज़ीम (बडी) है?

हज़रत उबय इब्ने कअब रदि.ने अर्ज़ कीया:

आयतुल कुर्सी।

नबीए करीम ﷺ ने उनकी तस्दीक करते हुए फरमाया:

ए अबुल मुन्ज़िर तुम्हें इल्म मुबारक हो।

(एक हदीस में है के) हज़रत अबूज़र रदि. ने नबीए करीम ﷺ से दरयाफत किया:

या रसुलल्लाह ﷺ ! कुर्आन में अज़ीमतर आयत कौनसी है?

फरमाया: आयतुल कुर्सी।

(इब्ने कसीर, अन अहमद फिल मुस्नद)

हज़रत अबू हुरयरह रदि. फरमाते है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया सूरए बकरह में एक आयत है जो कुर्आनी आयतों की सरदार है, वह जिस घर में पढी जावे शैतान वहां से निकल जाता है।

नसइ शरीफ की एक रिवायत में है के

रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया जो शख्स हर फर्ज़ नमाज़ के बाद आयतुल कुर्सी पढा करे तो उसको जन्नत में दाखिल होने के लिए सिवाये मौत के दूसरी कोई रूकावट नहीं है। यअनी मौत के बाद फौरन वह जन्नत के आसार और राहत व आराम का मुशाहदा करने लगेगा। (सहीह इब्नुस्सुन्नी : १२४, मआरिफुल कुर्आन १/६१२)

एक हदीस शरीफ में हुज़ूर ﷺ का इर्शाद है जो शख्स फर्ज़ नमाज़ के बाद आयतुल कुर्सी पढेगा वह दूसरी नमाज़ के आने तक खुदा की हिफाज़त में रहेगा।

(मजमउज़्ज़वाइद: २/१४८)

इन अहादीस से मअलूम हुवा के आयतुल कुर्सी को हर फर्ज़ नमाज़ के बाद पढ लेना चाहिये। और दिन रात में किसी एक वक्त घर में भी पढ लेना चाहिये, अच्छा यह है के सोते वक्त आयतुल कुर्सी पढ लेवे।

﴾११﴿ सूरए इख्लास (कुल हुवल्लाह) और मुअव्वज़तैन (कुल अउज़ु बिरब्बील फलक और कुल अउज़ु बिरब्बिन्नास) के फज़ाइल–फवाइद–पढने के अवकात और तरीका

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۝ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

قُلْ هُوَ اللّٰهُ أَحَدٌ ۝ اَللّٰهُ الصَّمَدُ ۝ لَمْ يَلِدْ وَلَمْ يُوْلَدْ ۝ وَلَمْ يَكُنْ لَّهُ كُفُوًا أَحَدٌ ۝

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝ قُلْ أَعُوْذُبِرَبِّ الفَلَقِ ۝ مِنْ شَرِّ مَا خَلَقَ ۝ وَمِنْ شَرِّ غَاسِقٍ اِذَا وَقَبَ ۝ وَمِنْ شَرِّ النَّفّٰثٰتِ فِيْ العُقَدِ ۝ وَ مِنْ شَرِّ حَاسِدٍ اِذَا حَسَدَ ۝

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝ قُلْ أَعُوْذُبِرَبِّ النَّاسِ ۝ مَلِكِ النَّاسِ ۝ إِلٰهِ النَّاسِ ۝ مِنْ شَرِّ الْوَسْوَاسِ الْخَنَّاسِ ۝ الَّذِيْ يُوَسْوِسُ فِيْ صُدُوْرِالنَّاسِ مِنَ الْجِنَّةِ وَ النَّاسِ۝

हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने हबीब रदि. से रिवायत है के एक रात को बारिश और सख्त अंधेरा था। हम रसूलुल्लाह ﷺ को तलाश करने के लिए निकले। जब आपको पा लिया तो आपने फरमाया:

के कहो,

मैंने अर्ज़ किया क्या कहुं,

आपने फरमाया قُلْ هُوَ اللّٰهُ أَحَد और मुअव्वज़तैन यअनी قُلْ أَعُوْذُ قُلْ أَعُوْذُ بِرَبِّ الفَلَقِ और بِرَبِّ النَّاسِ पढो। जब सुब्ह हो और जब शाम हो, तीन तीन मरतबह पढना तुम्हारे लिए हर तकलीफ से अमान होगा। (मआरिफुल कुर्आन ८/८४८)

﴾१२﴿ हर बिमारी से शिफा के लीये

हज़. आइशा रदि. फरमाती है के रसुलुल्लाह ﷺ को जब कोई बीमारी पेश आती तो यह दोनों सुरतें (कुल अउज़ु बिरब्बील फलक और कुल अउज़ु बिरब्बीन्नास) पढ कर अपनें हाथों पर दम कर के सारे बदन पर फेर लेते थे। और फिर जब मरज़े वफात (यअनी जिस बिमारी में वफात हो) में आपकी तकलीफ बढी तो में यह सुरतें पढ कर आपके हाथों पर दम कर देती थी। आप अपने तमाम बदन पर फेर लेते थे। में यह काम इस लीये करतीथी के हज़रत के मुबारक हाथोंका बदल मेरे हाथ नहीं हो सकते थे।

(मुअत्ता मालीक : पेजनं. ३७५)

﴾१३﴿ सोते वक्त पढने की तीन सूरतें

जब आप ﷺ बिस्तर पर सोने तशरीफ लाते तो रोज़ाना रातको आपका मअमुल था के उपरवाली (यअनी तीनों) सूरतों को पढकर अपनें दोनों हाथ पर दम कर के पुरे बदन पर जीतना हो सके फेरते और इब्तीदा चेहरे और सर और सामनेवाले बदन के हिस्से से फरमाते इस तरह तीन मरतबह करते।

(बुखारी : २/७५०)

यअनी: एक मरतबह यह तीनों सुरतें पढ कर अपने बदन पर दम करे, फिर दुसरी मरतबह यह तीनों सुरतें

पढे और अपने बदन पर दम करे, और तीसरी मरतबह यह तीनों सुरतें पढ कर अपने पुरे बदन पर दम करे।

(मज़ाहिरे हक)

मुस्तनद अहादीस में इन दोनो (यअनी कुल अउज़ु बीरब्बील फलक और कुल अउज़ु बी रब्बीन्नास) सुरतों के फज़ाइल और बरकात मन्कूल है। सहीह मुस्लिम में हज़रत उकबह इब्ने आमिर रदि. की हदीस है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया के तुम्हें कुछ खबर है आज की रात अल्लाह तआलाने मुझ पर ऐसी आयतें नाज़ील फरमाई के उनकी मसल (मिसाल) नहीं देखी।

और एक रिवायत में है के तौरात, इन्जील ओर ज़बूर और कुर्आन में भी इन जेसी कोई दूसरी सूरत नहीं है। एक दुसरी रिवायत इन्हीं हज़रत उकबह रदि. से है के एक सफर में रसूलुल्लाह ﷺ ने मुअव्वज़तैन मेरे सामने पढी, और फिर मगरिब की नमाज़ में इन्हीं दोनों सूरतों की तिलावत फरमाई। और फिर फरमाया इन सूरतों को सोते वक्त भी पढ लिया करो और उठने के वक्त भी।

(नसइ, इब्नुस्सुन्नी: ७५९, मआरिफुल कुर्आन: ८/८४७)

इन अहादीस से मअलूम हुवा के इन तीनों सूरतों को सुब्ह–शाम तीन–तीन मरतबह पढ लेना चाहिये।

और रात सोते वक्त भी हदीस में आये हुवे तरीके के मुताबिक तीनों सुरतों को पढ कर पूरे बदन पर दम कर लेना चाहिये। दम की इब्तिदा चेहरे और सामने की तरफ से करे।

और बिमारीयों के मोके पर कुल अउज़ु बिरब्बिल फलक और कुल अउज़ु बिरब्बिन्नास को पढ कर अपने उपर दम करते रहे। और सुब्ह में उठते वक्त भी इन दोनों सुरतों को पढ लेवे। और एक हदीस शरीफ से मअलूम होता है के हर फर्ज़ नमाज़ के बाद इन दोनों सुरतों को पढ लेना चाहिये।

(अबूदावुद और नसइ के हवालह से मआरिफुल कुर्आन ८/८४७)

जिन्नात और जादू और हर शैतान से हिफाज़त के लिये दुआएं

(१४) जादु से हिफाज़त के मुफीद कलिमात

أَعُوْذُ بِوَجْهِ اللّٰهِ الْعَظِيْمِ الَّذِيْ لَيْسَ شَيْءٌ أَعْظَمَ مِنْهُ، وَ بِكَلِمَاتِ اللّٰهِ التَّامَّاتِ الَّتِي لَا يُجَاوِزُهُنَّ بَرٌّ وَّ لَا فَاجِرٌ، وَ بِأَسْمَاءِ اللّٰهِ الْحُسْنٰى كُلِّهَا مَا عَلِمْتُ

مِنۡهَا وَ مَا لَمۡ أَعۡلَمۡ مِنۡ شَرِّ مَا خَلَقَ وَ بَرَءَ وَ ذَرَءَ.

(अलमुअत्ता ह.नं. १९१०, ४/४०९)

फज़ीलत: हज़रत कअबे अहबार रदि.से रिवायत है के अगर चंद कलिमात का में विर्द न रखता तो यहुद मुझे (जादु के ज़ोर से) गधा बना देते। इस लीये जादू से हिफाज़त के लीये पढते रेहना चाहीए।

﴾१५﴿ जिन्नात से हिफाज़त के लीये दुआ

أَعُوۡذُ بِوَجۡهِ اللّٰهِ الۡكَرِيۡمِ، وَ بِكَلِمَاتِ اللّٰهِ التَّامَّاتِ اللَّاتِيۡ لَا يُجَاوِزُهُنَّ بَرٌّ وَّ لَا فَاجِرٌ، مِّنۡ شَرِّ مَا يَنۡزِلُ مِنَ السَّمَاءِ وَ شَرِّ مَا يَعۡرُجُ فِيۡهَا، وَ شَرِّ مَا ذَرَأَ فِي الۡأَرۡضِ وَ شَرِّ مَا يَخۡرُجُ مِنۡهَا، وَ مِنۡ فِتَنِ اللَّيۡلِ وَ النَّهَارِ وَ مِنۡ طَوَارِقِ اللَّيۡلِ وَ النَّهَارِ إِلَّا طَارِقًا يَّطۡرُقُ بِخَيۡرٍ يَّا رَحۡمٰنُ.

(अलमुअत्ता ह.नं. १९०८, ४/४०८)

एक खबीस जीन आगका शोअला (अंगारा) ले कर हुज़ुर ﷺ के पीछे लगा तो उसको दुर करने के लीये हज़रत जिब्रईल अ.स. ने उपरवाली दुआ सीखाइ।

(इख्तिसार के साथ बिल्मअना)

नीज़ आयतुल कुर्सी के फज़ाइल में यह भी गुज़र

चुका के जिस घरमें आयतुल कुर्सी पढी जावे शैतान वहां से निकल जाता है।

﴾१६﴿ शैतान के मक्र और शर से बचने के लिये

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۝ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

وَقُلْ رَّبِّ أَعُوْذُ بِكَ مِنْ هَمَزٰتِ الشَّيٰطِيْنِ وَأَعُوْذُ بِكَ رَبِّ أَنْ يَّحْضُرُوْنَ.

फज़ीलतः यह दुआ अपने मअना के ए'तेबार से शैतान के शर और मक्र से बचने के लिये एक जामेअ दुआ है। रसूलुल्लाह ﷺ ने मुसलमानों को यह दुआ तलकीन फरमाई है। ताके गैज़ व गुस्से की हालत में जब अपने उपर काबू नहीं रहता और शैतान के हम्ज़ का दखल हो जाता है तो ऐसी हालत से इन्सान महफूज़ रहे। उसके अलावह शयातीन और जिन्नात के दूसरे आसार और हमलों से बचने के लिये भी यह दुआ मुजर्रब है। (मआरिफुल कुर्आनः ६/३३० इख्तिसार के साथ ; कुरतुबीः १२/१४८)

नोटः सुरए इख्लास यअनी कुल हुवल्लाह, सूरए फलक यअनी कुल अउज़ू बिरब्बिल फलक और सूरए नास यअनी कुल अउज़ु बिरब्बीन्नास इससे भी जिन्नात और जादु से हिफाज़त होती है। लिहाज़ा इन तीनों सूरतों को सुब्ह–शाम तीन–तीन मरतबह पढ लेना चाहिये।

और रात सोते वक्त भी हदीस में आये हुवे तरीके के मुताबिक तीनों सुरतों को पढ कर पूरे बदन पर दम कर लेना चाहिये। दम की इब्तिदा चेहरे और सामने की तरफ से करे। और सुब्ह उठते वक्त और हर फर्ज़ नमाज़ के बाद भी कुल अउज़ु बिरब्बिल फलक और कुल अउज़ु बिरब्बिन्नास को पढ लेवे।

इसी तरह हर फर्ज़ नमाज़ के बाद और रात को सोते वक्त आयतुल कुर्सी भी पढ लेनी चाहिये।

नोटः शैतान से हिफाज़त के लिये मुफीद कलिमात पेज नं.१९ दुआ नंः ५ पर गुज़रे हें, उसको भी पढना चाहिये।

एकसिडन्ट और अचानक आनेवाली मुसीबत से हिफाज़त की दुआएं

(१७)

بِسْمِ اللّٰهِ الَّذِيْ لَا يَضُرُّ مَعَ اسْمِهٖ شَيْءٌ فِي الْأَرْضِ وَلَا فِي السَّمَآءِ وَهُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ.

हज़. अबान इब्ने उस्मान रह. हज़रत उस्माने गनी रदि. से रिवायत करते हे के....

जो शख्स रोज़ाना सुब्ह-शाम तीन मरतबह यह

दुआ पढेगा उसको कोई चीज़ तकलीफ नहीं पहोंचा सकती।

फिर अबान (इस हदीस के रावी) को फालीज की बिमारी लग गई तो कीसीने उनसे कहा:

वह दुआ कहां गई जो तुम बयान किया करते थे?

तो फरमाया:

खुदाए पाक की कसम न मेनें तुमको वह झुटी हदीस बयान की और न मुझे वह झुट बयान की गई, (हदीसें तो अपनी जगह बील्कुल सहीह है के उसके पढने से कोई चीज़ नुकसान नहीं पहोंचा सकती।) लेकीन जब अल्लाह तआलाने मेरे उपर अपनी तकदीर को नाफीज़ करना चाहा तो में वह दुआ पढना ही भुल गया।

(तिरमिज़ी : २/१७६, तबरानी : ह.नं. ३१७, २/९४०)

फज़ीलत: हदीस शरीफ में है के जो शख्स हर रोज़ सुब्ह–शाम यह कलिमात (यअनी उपरवाली दुआ) तीन मरतबह पढेगा उस को कोई चीज़ नुकसान नहीं पहोंचाती। (अत्तरगीब १/४१५) और एक रिवायत में है के उस पर कोई अचानक आफत नहीं आती।

(अबुदावुद १/६९४)

﴾१८﴿ जान–माल, घरबार की सलामती की दुआ

رَبِّـيَ اللّٰهُ الَّذِيْ لَآ إِلٰـهَ إِلَّا هُوَ ، عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَ هُوَ

رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيمِ، مَا شَاءَ اللّٰهُ كَانَ وَ مَا لَمْ يَشَأْ لَمْ يَكُنْ، وَ لَا حَوْلَ وَ لَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللّٰهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيمِ، أَشْهَدُ أَنَّ اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ وَّ أَنَّ اللّٰهَ قَدْ أَحَاطَ بِكُلِّ شَيْءٍ عِلْمًا، أَعُوذُ بِاللّٰهِ الَّذِي يُمْسِكُ السَّمَاءَ أَنْ تَقَعَ عَلَى الْأَرْضِ إِلَّا بِإِذْنِهِ مِنْ كُلِّ دَابَّةٍ رَبِّي آخِذٌ بِنَاصِيَتِهَا إِنَّ رَبِّي عَلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيمٍ.

हज़रत हसन रह. से रिवायत है के हम नबी ए करीम ﷺ के एक सहाबी के पास बेठे हुए थे तो कीसीने आ कर उनको कहा: के

तुम्हारे घर की खबर लीजीये, वह जल चूका है

तो आपने फरमाया: के

नहीं जला है,

वोह शख्स जा कर फिर आया। कहने लगा अपने घर की खबर लो, जल गया है।

उन्होंने जवाब दीया, नहीं! खुदाए पाक की कसम मेरा घर नहीं जला है।

तो उस पर खबर देने वाले ने कहा के, घर तो जल गया है और आप हें के कसम खा रहे हो के नहीं जला?

तो उन सहाबी रदि. ने अर्ज़ कीया:

के मैंने हुज़ूर अकदस ﷺ को इर्शाद फरमाते हुए सुना के,

जो शख्स सुब्ह में यह दुआ पढे तो उस शख्स को अपने जान–माल और घरबार के सीलसीले में कोई नागवार बात पेश नहीं आएगी। और आज में ने यही दुआ पढी है।

फिर उन सहाबी ने अर्ज़ कीया:

उठो (घर की हालत देखें) चुनान्चे आप के साथ सब खडे हुवे, (घर पहोंचे तो क्या देखते है के) आस–पास का सबकुछ जल गया है और उनके घर को कुछ भी नहीं हुवा। (इब्नुस्सुन्नी : पेज नं. २१ ह.नं. ५८)

दुश्मनों और बलाओं से हिफाज़त

﴾१९﴿ सुब्ह–शाम मांगने की दो मुबारक दुआएं

١۔ اَللّٰھُمَّ اِنِّی أَعُوْذُ بِکَ مِنْ جَھْدِ الْبَلَآءِ، وَ دَرْکِ الشَّقَاءِ، وَ سُوْءِ الْقَضَاءِ، وَ شَمَاتَةِ الْأَعْدَاءِ.

(मफहूम अज़ बुखारी शरीफ २/९७९)

۲۔ اَللّٰھُمَّ اِنِّی اَعُوْذُ بِکَ مِنْ شَرِّ مَا عَمِلْتُ، وَ مِنْ شَرِّ مَا لَمْ اَعْمَلْ.

(इब्ने माजा: २७२)

हर बुराइ हर तकलीफ से हिफाज़त

﴾२०﴿ हर तकलीफ से अमान पाने की दुआ

اَعُوْذُ بِکَلِمَاتِ اللّٰہِ التَّامَّـاتِ مِنْ شَرِّ مَا خَلَقَ.

कबीलए असलम के एक आदमीने हुज़ुर ﷺ से कहा के आजकी रात मुझे नींद नहीं आयी,

इर्शाद फरमाया :

कीस वजह से?

उन्होंने कहा: के

मुझे बिच्छुने डस लीया।

तो आप ﷺ ने फरमाया:

अगर शाम को तुमने यह दुआ पढली होती तो (इन्शा अल्लाहु अज्ज वजल्ल) कोई चीज़ तुम्हें तकलीफ न पहोंचाती।

(मुस्लीम : २/३४७, तबरानी : ह.नं. ३४६, २/९५५,)

नोट: तिरमिज़ी शरीफ की एक हदीस में आया है के

शाम के वक्त तीन मरतबह इस दुआ को पढने से उस रात में बुखार-ज़हर (वगैरह कोई चीज़) नुकसान नहीं देगी। (तिरमिज़ी: २/२००)

(२१) आयतुल कुर्सी और सुरए मुअमिन की चंद आयतोंकी फज़ीलत

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۝ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

حٰمٓ ۝ تَنْزِيْلُ الْكِتٰبِ مِنَ اللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْعَلِيْمِ ۝ غَافِرِ الذَّنْبِ وَ قَابِلِ التَّوْبِ شَدِيْدِ الْعِقَابِ ذِى الطَّوْلِ، لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ اِلَيْهِ الْمَصِيْرُ ۝

१. हज़.अबु हुरयरह रदि. से रिवायत है के रसुलुल्लाह ﷺ ने फरमाया के जो शख्स शुरू दिन में आयतुलकुर्सी और सूरए मुअमिन की पेहली तीन आयतें (उपरवाली) पढ ले वह उस दिन शाम तक (हर बुराइ और तकलीफ से) महफूज़ रहेगा। और जो शाम को पढ लेवे तो सुब्ह तक (हर बुराइ और तकलीफ से) महफूज़ रहेगा।

(तिरमीज़ी: २/११५)

फायदा: हदीस शरीफ में है के आप ﷺ कीसी जिहाद के मौके पर रात में हिफाज़त के लीये फरमा रहे थे के अगर रात में तुम पर अचानक हमला किया जावे तो तुम (حٰمٓ لَا يُنْصَرُوْنَ) पढ लेना, जिसका हासिल लफज़े

حٰمٓ के साथ यह दुआ करना है के हमारा दुश्मन कामियाब न हो और एक रिवायत में (حٰمٓ لَا يُنْصَرُوْا) बगैर नुन के आया है, जिसका हासिल यह है के जब तुम حٰمٓ कहोगे तो दुश्मन कामियाब न होगा। इससे मालुम हुवा के حٰمٓ दुश्मन से हिफाज़त का किला है। (इब्ने कसीर) मआरिफुल कुर्आन में इस जगह हज़रत साबीत बुनानी रह. का अजीब व गरीब वाकिअह लिखा हुवा है। मअ हवाला यहां दर्ज किया जाता है।

हज़रत साबित बुनानी रह. फरमाते है के में हज़रत मुस्अब बिन ज़ुबैर रदि. के साथ कुफा के इलाके में था। में एक बाग के अंदर चला गया के दो रकअत पढ लुं, मैंने नमाज़ से पहले حٰمٓ الْمُؤْمِن की आायतें إِلَيْهِ الْمَصِيْرُ तक पढी। अचानक देखा के एक शख्स मेरे पीछे एक सफेद खच्चर पर सवार खडा है, जिसके बदन पर यमनी कपडे है। उस शख्स ने मुझसे कहा के जब तुम غَافِرِ الذَّنْب कहो तो उसके साथ यह दुआ करो يَا غَافِرَ الذَّنْبِ إِغْفِرْلِى यअनी ए गुनाहों के मुआफ करनेवाले मुझे मुआफ करदे। और जब तुम पढो, يَا قَابِلَ التَّوْبِ إِقْبَلْ تَوْبَتِىْ तो यह दुआ करो قَابِلِ التَّوْب यअनी ए तौबा के कबूल करनेवाले मेरी तौबा कबूल फरमा फिर जब पढो شَدِيْدِ الْعِقَاب तो यह दुआ करो يَا شَدِيْدَ الْعِقَابِ لَا تُعَاقِبْنِى ए सख्त इकाबवाले मुझे अज़ाब

न दीजीये। और जब ذِىْ الطَّوْل पढो तो यह दुआ करा يَا ذَا الطَّوْلِ طُلْ عَلَىَّ بِخَيْرٍ यअनी ए इन्आमो एहसान करनेवाले मुझ पर इन्आम फरमा।

साबित बुनानी रह. केहते है यह नसीहत उससे सुनने के बाद जो उधर देखा तो वहां कोई न था। में उसकी तलाश में बाग के दरवाज़े पर आया, लोगों से पुछा के एक ऐसा शख्स यमनी लिबास में यहां से गुज़रा है? सबने कहा के हमने कोई ऐसा शख्स नहीं देखा। साबित बुनानी रह. की एक रिवायत में यह भी है के लोगों का ख्याल है के यह हज़रत इल्यास अल. थे। दूसरी रिवायत में उसका ज़िक्र नहीं।

(मआरिफुल कुर्आन ७/५८१,५८२)

(२२) हिफाज़त के लीये हज़. अनस रदि. की खास दुआ

بِسْمِ اللّٰهِ عَلٰى نَفْسِيْ وَ دِيْنِيْ، بِسْمِ اللّٰهِ عَلٰى أَهْلِيْ وَ مَالِيْ وَوَلَدِيْ، بِسْمِ اللّٰهِ عَلٰى مَا أَعْطَانِيَ اللّٰهُ، اَللّٰهُ رَبِّيْ لَا أُشْرِكُ بِهٖ شَيْئًا، اَللّٰهُ أَكْبَرُ، اَللّٰهُ أَكْبَرُ، اَللّٰهُ أَكْبَرُ. وَأَعَزُّ وَ أَجَلُّ وَ أَعْظَمُ مِمَّا أَخَافُ وَ أَحْذَرُ، عَزَّ جَارُكَ وَ جَلَّ ثَنَائُكَ وَلَآ إِلٰهَ غَيْرُكَ ،

اَللّٰھُمَّ اِنِّی اَعُوْذُ بِکَ مِنْ شَرِّ نَفْسِيْ وَ مِنْ شَرِّ كُلِّ شَيْطَانٍ مَّرِيْدٍ وَّ مِنْ شَرِّ كُلِّ جَبَّارٍ عَنِيْدٍ، فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقُلْ حَسْبِيَ اللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ، عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَهُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ، اِنَّ وَلِيِّيَ اللّٰهُ الَّذِيْ نَزَّلَ الْكِتٰبَ، وَ هُوَ يَتَوَلَّى الصّٰلِحِيْنَ۔

ये हज़रत अनस बिन मालिक रदि. की दुआ है, जो आँ हज़रत ﷺ के खादिमे खास थे। दस साल आँ हज़रत ﷺ की खिदमत में रहे और आँ हज़रत ﷺ ने उनकी वालिदह की दरख्वास्त पर उनको दुन्या व आखिरत की भलाइ की दुआ से मुशर्रफ व मख्सूस फरमाया था। और हक सुब्हानहु व तआला ने आँ हज़रत ﷺ की दुआ की बरकत से उनकी उम्र और माल और अवलाद में अज़ीम बरकत अता फरमाई, चुनान्चे उनकी उम्र सौ साल से ज्यादा हुई। और उनकी सुल्बी अवलाद की तअदाद सौ को पहोंची है। जिनमें ७३ मर्द थे, और बाकी औरतें। और उनका बाग साल में दो बार फल लाता। यह दुन्या की बरकात थीं। (जो बतुफैले दुआए आँ हज़रत ﷺ उनको हासिल हुई) बाकी आखिरत की बरकात का अंदाज़ा कोन कर सकता है?

शैख जलालुद्दीन सुयूती रह. जलीलुल कद्र हाफिज़े हदीस है उन्होंने ''जमउल् जवामेअ'' में नकल किया है के अबुश्शैख ने किताबुस्सवाब में यह वाकिअह रिवायत किया है के एक दिन हज़रत अनस रदि.हज्जाज बिन युसुफ सकफी के पास बेठे थे। हज्जाज ने हुकम दिया के उनको मुख्तलिफ किस्म के चारसो घोडों का मुआयनह कराया जाए। हुकम की तअमील की गई। हज्जाजने हज़रत अनस रदि. से कहा: फरमाइए अपने आका यअनी आँ हज़रत ﷺ के पास भी इस किस्म के घोडे और नाज़ो नेअमत का सामान कभी आपने देखा? (तब हज़. अनस रदि. ने) फरमाया: बखुदा यकीनन् मैंने आँ हज़रत ﷺ के पास इस से बदर्जहा बेहतर चीज़ें देखीं और मैंने आँ हज़रत ﷺ से सुना के आप ﷺ फरमाते थे जिन घोडों की लोग परवरिश करते है, उनकी तीन किस्में है एक शख्स घोडा इस निय्यत से पालता है के हक तआला के रास्ते में जिहाद करेगा। और दादे शुजाअत देगा। उस घोडे का पेशाब, लीद, गोश्त, पोश्त और खून कयामत के दिन तमाम उसके तराज़ुए अमल में होगा। और दूसरा शख्स घोडा इस निय्यत से पालता है के ज़रूरत के

वक्त सवारी किया करे और पैदल चलने की ज़हमत से बचे। (ये न सवाब का मुस्तिहक है और न अज़ाब का) और तीसरा वह शख्स है जो घोडे की परवरिश नाम और शोहरत के लिये करता है ताके लोग देखा करे के फुलां शख्स के पास इतने और ऐसे ऐसे उम्दह घोडे है। उसका ठिकाना दोज़ख है। और हज्जाज! तेरे घोडे इसी किस्म में दाखिल है। हज्जाज यह बात सुन कर भडक उठा और उसके गुस्से की भटटी तेज़ हो गई और केहने लगा ए अनस! जो खिदमत तुमने आँ हज़रत ﷺ की की है अगर उसका लिहाज़ न होता, नीज़ अमीरूल मुअमिनीन अब्दुल मलिक बिन मरवान ने जो खत मुझे तुम्हारी सिफारिश और रिआयत के बाब में लिखा है, उसकी पासदारी न होती तो नहीं मअलूम के आज में तुम्हारे साथ क्या कर गुज़रता। हज़रत अनस रदि. ने फरमाया: खुदा की कसम तु मेरा कुछ नहीं बिगाड सकता। और न तुज़में इतनी हिम्मत है के तु मुझे नज़रेबद से देख सके। मैंने आँ हज़रत ﷺ से चंद कलिमात सुन रखे है में हंमेशा इन्ही कलिमात की पनाह में रहता हुं और इन कलिमात की बरकत से मुझे न किसी सुल्तान के रोब से खोफ है न किसी शैतान के

शर से अंदेशा है। हज्जाज इस कलाम की हयबत से बेखुद और हैरान हो गया। थोडी देर बाद सर उठाया और (निहायत लजाजत से) कहा ए अबु हम्ज़ह (हज़. अनस रदि. की कुन्नियत) वह कलिमात मुझे भी सीखा दीजीये। फरमाया तुज़े हरगिज़ न सिखाउंगा। बखुदा तु उसका अहल नहीं।

फिर जब हज़रत अनस रदि. के विसाल का वक्त आया। अबान जो आपके खादिम थे, हाज़िर हुए। और आवाज़ दी। हज़रत ने फरमाया क्या चाहते हो? अर्ज़ किया वही कलिमात सीखना चाहता हुं जो हज्जाज ने आपसे चाहे थे मगर आपने उसको सिखाए नहीं। फरमायाः हां तुज़े सिखाता हुं, तु उनका अहल है। मैंने आँ हज़रत ﷺ की दस बरस खिदमत की। और आप ﷺ का इन्तेकाल इस हालत में हुवा के आप ﷺ मुझसे राज़ी थे। इसी तरह तुने भी मेरी खिदमत दस साल तक की और में दुनिया से इस हालत में रूख्सत होता हुं के में तुज़से राज़ी हुं। सुब्ह शाम यह कलिमात पढा करो। हक सुब्हानहु व तआला तमाम आफात से महफूज़ रखेंगे। वह दुआ उपरवाली है।

(मअखूज़ अज़ आपके मसाइल ओर उनका हल ८/२३३ से २४६)

नोटः इस दुआ को सुब्ह शाम पढने का मामुल बनाना चाहीए।

हर किस्म के गम और दुशमन से हिफाज़त

(२३) गम और कर्ज़ से छुटकारा पानेका मुजर्रब वज़ीफा

اَللّٰھُمَّ إِنِّیْ أَعُوْذُ بِکَ مِنَ الْھَمِّ وَ الْحُزْنِ، وَ أَعُوْذُ بِکَ مِنَ الْعَجْزِ وَالْکَسَلِ وَأَعُوْذُ بِکَ مِنَ الْجُبْنِ وَ الْبُخْلِ، وَ أَعُوْذُ بِکَ مِنْ غَلَبَۃِ الدَّیْنِ وَ قَھْرِ الرِّجَالِ.

फज़ीलत: हज़रत अबु सइद खुदरी रदि. फरमाते है के एक मरतबह हुज़ुर अकदस ﷺ मस्जिदमें दाखील हुए तो वहां एक अन्सारी सहाबी को देखा, जिनको अबु उमामह केहते है, रसुलुल्लाह ﷺ ने पुछा:

अबु उमामह क्या हुवा? के आप नमाज़ के वक्त के अलावा मस्जिद में बेठे है?

उन्होंने जवाब दीया:

या रसुलल्लाह मुझ पर फिकरों ओर कर्ज़ों का हुजुम हो गया है,

हुज़ुर ﷺ ने फरमाया:

कया में तुमको वह कलिमात न सीखाउं जब तुम उन्हें पढो तो अल्लाह तआला तुम्हारे गम को दुर कर

दे। और कर्ज़ा अदा कर दे,

उन्होंने कहाः ज़रूर या रसुलल्लाह!

रसुलुल्लाह ﷺ ने फरमायाः के

सुब्ह शाम यह (उपरवाले) कलिमात पढा करो।

वोह सहाबी फरमाते है के में ने ऐसा ही किया तो अल्लाहतआला ने मेरी परेशानी को दूर कर दीया और मेरे कर्ज़ों को मुझसे अदा करवा दीया।

(अबुदावुदः १/२१७)

नोटः "सुरए इख्लास" यअनी कुल हुवल्लाह, "सूरए फलक" यअनी कुल अउज़ू बिरब्बिल फलक और "सूरए नास" यअनी कुल अउज़ु बिरब्बीन्नास इससे भी दुश्मन से हिफाज़त होती है। लिहाज़ा इन तीनों सूरतों को सुब्ह–शाम तीन–तीन मरतबह पढ लेना चाहिये। और रात सोते वक्त भी हदीस में आये हुवे तरीके के मुताबिक तीनों सुरतों को पढ कर पूरे बदन पर दम कर लेना चाहिये। दम की इब्तिदा चेहरे और सामने की तरफ से करे। और सुब्ह उठते वक्त और हर फर्ज़ नमाज़ के बाद भी कुल अउज़ु बिरब्बिल फलक और कुल अउज़ु बिरब्बिन्नास को पढ लेवे।

इसी तरह हर फर्ज़ नमाज़ के बाद और रात को सोते वक्त आयतुल कुर्सी भी पढ लेनी चाहिये।

अल्लाह तआला गम को खुशी से बदल दे

(२४) अल्लाहतआला गम को खुशीयों से बदल देवे

اَللّٰهُمَّ إِنِّی عَبْدُکَ ابْنُ عَبْدِکَ ابْنُ أَمَتِکَ، نَاصِيَتِي بِيَدِکَ، مَاضٍ فِيَّ حُکْمُکَ عَدْلٌ فِيَّ قَضَائُکَ، أَسْئَلُکَ بِکُلِّ اسْمٍ هُوَ لَکَ سَمَّيْتَ بِهِ نَفْسَکَ أَوْ عَلَّمْتَهُ أَحَدًا مِّنْ خَلْقِکَ أَوْ اَنْزَلْتَهُ فِيْ کِتَابِکَ اَوِ اسْتَأْثَرْتَ بِهٖ فِيْ عِلْمِ الْغَيْبِ عِنْدَکَ أَنْ تَجْعَلَ الْقُرْآنَ رَبِيْعَ قَلْبِيْ وَ نُوْرَ صَدْرِيْ، وَ جَلَاءَ حُزْنِيْ، وَ ذَهَابَ هَمِّيْ.

फज़ीलत: हदीस शरीफ में है के जिस शख्स को कोई गम या फिक्र लग गई हो तो वह इन कलिमात के ज़रीये दुआ करे। इर्शाद फरमाया:

जो बंदाभी इन कलिमात को पढेगा अल्लाह तआला उस के गम को यकीनन् कुशादगी से बदल देंगे। सहाबा ने फरमाया:

क्या हम दुसरों को भी न सीखावें?

आप ﷺ ने इर्शाद फरमाया:

क्यों नहीं, बल्के मुनासिब है की हर सुननेवाला यह कलिमात सीख लेवे।

(मु. अहमद ह.नं. ३७०४, १/६४६)

﴾२५﴿ बुरा बुढापा, बखीली, बुज़दिली, दुनिया के फित्ने और अज़ाबे कब्र से हिफाज़त की एक जामेअ दुआ

اَللّٰھُمَّ إِنِّیْ أَعُوْذُ بِکَ مِنَ الْبُخْلِ وَأَعُوْذُ بِکَ مِنَ الْجُبْنِ وَ أَعُوْذُ بِکَ أَنْ أُرَدَّ إِلٰی أَرْذَلِ الْعُمُرِ وَأَعُوْذُ بِکَ مِنْ فِتْنَةِ الدُّنْیَا وَعَذَابِ الْقَبْرِ.

नसइ में बरिवायते हज़रत सअद रदि. मनकूल है के रसूलुल्लाह ﷺ यह दुआ बकसरत मांगा करते थे।

और इस हदीस के रावी हज़रत सअद रदि. बडे एहतेमाम से यह दुआ अपनी सब अवलाद को याद कराया करते थे।

(मआरिफुल कुर्आन: ६/२४१, कन्ज़ुल उम्माल: ह.नं.५०९५; २/६९०)

औरतों और बच्चों के लिये खुसुसी हिफाज़त की दुआएं

﴾२६﴿ औरतों और बच्चों के लीये हिफाज़त की दुआ

سُبْحَانَ اللّٰهِ وَ بِحَمْدِهٖ لَاقُوَّةَ إِلَّا بِاللّٰهِ، مَا شَاءَ اللّٰهُ كَانَ وَ مَا لَمْ يَشَأْ لَمْ يَكُنْ، أَعْلَمُ أَنَّ اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ وَّ أَنَّ اللَّهَ قَدْ أَحَاطَ بِكُلِّ شَيْءٍ عِلْمًا.

फज़ीलत: अबुदावुद शरीफ में है के

एक सहाबीय्यह जो हुज़ुर ﷺ के किसी बच्चीकी खिदमत किया करती थी,

उनसे रिवायत है के हुज़ुर ﷺ की साहबज़ादीने यह रिवायत बयान की है, के

हुज़ुर ﷺ हमें सीखाते थे के

सुब्ह इन (उपरवाले) अल्फाज़ के साथ दुआ मांगा करो। बेशक जो इस तरह दुआ मांगे शाम तक उसकी हिफाज़त होगी और जो शाम को इन अल्फाज़ के साथ दुआ मांगे उसकी सुब्ह तक हिफाज़त की जाएगी। (अबुदावुद २/६९२)

लिहाज़ा ओरतों ओर बच्चों को तो यह उपरवाली दुआ सुब्ह शाम मांगनी चाहीए।

﴿२७﴾ बच्चों को पनाह में देने के लीये पढे जानेवाले कलिमात

أُعِيذُكُمَا بِكَلِمَاتِ اللّٰهِ التَّامَّةِ مِنْ كُلِّ شَيْطَانٍ وَّ هَامَّةٍ وَّ مِنْ كُلِّ عَيْنٍ لَّامَّةٍ .

(हिस्नुल मुस्लीम ह.नं. १४६ पेज नं : ९३)

इब्ने अब्बास रदि. फरमाते है के नबीए करीम ﷺ हज़रत हसन ओर हुसैन रदि. को इन कलिमात के ज़रीये पनाह में देते थे।

गुस्से से हिफाज़त

﴿२८﴾ जब गुस्सा आवे तो यह दुआ पढे

أَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ.

(हिस्नुल मुसलिम: १०५, इब्नुस्सुन्नी: १४२, तिरमिज़ी: २/१८३)

﴿२९﴾ जब किसीको मुसीबत में देखे तो अपनी हिफाज़त के लिये यह दुआ पढे

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ عَافَانِيْ مِمَّا ابْتَلاكَ بِهٖ وَفَضَّلَنِيْ

عَلٰى كَثِيْرٍ مِّمَّنْ خَلَقَ تَفْضِيْلاً.

फज़ीलत: मुसीबत में फंसे हुवे आदमी को देख कर जो आदमी यह दुआ पढे वह जब तक दुनिया में मौजूद है मुसीबत से महफूज़ रहेगा। (तिरमिज़ी: २/१८१)

नोट: किसीभी इन्सान को किसी भी तकलीफ में परेशान देखे तो उसकी उस तकलीफ पर हमारे दिल में खुशी का ख्याल तक न आए। बल्के फोरन यह दुआ पढ लेवे।

शिर्क और दिखलावे से हिफाज़त

﴾३०﴿ शिर्के अकबर (यअनी अल्लाह तआला के साथ किसीको शरीक करना) शिर्के असगर (यअनी रियाकारी, किसीको दिखाने के लिये अमल करना) दोनों से हिफाज़त की एक जामेअ दुआ

اَللّٰهُمَّ إِنِّیْ أَعُوْذُ بِکَ أَنْ أُشْرِکَ بِکَ وَ أَنَا أَعْلَمُ وَ أَسْتَغْفِرُکَ لِمَا لَا أَعْلَمُ.

हज़. अबुबक्र रदि. से रिवायत है के, रसुलुल्लाह ﷺ ने एक मरतबह शिर्क का ज़ीक्र फरमाया के शिर्क तुम्हारे अंदर ऐसे छुपे अंदाज़ से आ जाता है जैसे च्यूंटी

(कीडी) की रफतारे बे आवाज़। और फरमाया के में तुम्हें एक ऐसा काम बतलाता हुं के जब तुम वह काम कर लो तो शिर्के अकबर (बळा शिर्क) और शिर्के असगार (छोटा शिर्क यअनी रीया-दिखलावे के लीये कोई काम करना) सब से महफुज़ हो जाओ। तुम तीन मरतबह रोज़ाना यह दुआ किया करो, फिर उपरवाली दुआ बतलाइ। (मआरिफुल कुर्आन : ५/६६३)

बिमारी या बदन में दर्द या गभराहट दुर करने के लीये खास खास दुआएं

﴾३१﴿ गभराहट के वक्त पढने की दुआ

हज़रत बराअ रदि. से मरवी है के एक शख्स ने नबीए करीम ﷺ के पास आ कर वहशत (गभराहट) की शिकायत की तो आपने इर्शाद फरमाया के यह दुआ पढा करो।

سُبْحَانَ الْمَلِكِ الْقُدُّوْسِ رَبِّ الْمَلٰئِكَةِ وَ الرُّوْحِ، جَلَّتِ السَّمٰوَاتُ وَ الْأَرْضُ بِالْعِزَّةِ وَ الْجَبَرُوْتِ.

उस शख्स ने यह दुआ पढी तो उससे गभराहट दूर हो गई। (मजमउज़्ज़वाइद १०/१२८ इब्नुस्सुन्नी ह.नं. ६३९ पेज:१६३)

﴾३२﴿ आंख की बिमारी की दुआ

اَللّٰهُمَّ مَتِّعْنِي بِسَمْعِيْ وَ بَصَرِيْ، وَاجْعَلْهُ الْوَارِثَ مِنِّى، وَ أَرِنِي فِي الْعَدُوِّ ثَأْرِي، وَ انْصُرْنِي عَلٰى مَنْ ظَلَمَنِي.

हज़. अनस बिन मालिक रदि. से मरवी है के नबीए करीम ﷺ के कीसी भी सहाबी को आंख में बिमारी होती तो यह दुआ पढते।

(इब्नुस्सुन्नी ह.नं. ५६५ पे.११४)

﴾३३﴿ सख्त बिमारी के मोके पर पढने की आयत

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۝ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

أَفَحَسِبْتُمْ أَنَّمَا خَلَقْنَاكُمْ عَبَثًا وَّأَنَّكُمْ إِلَيْنَا لَا تُرْجَعُوْنَ. فَتَعَالَى اللّٰهُ الْمَلِكُ الْحَقُّ ج لَآ إِلٰهَ إِلَّا هُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيْمِ. وَمَنْ يَّدْعُ مَعَ اللّٰهِ إِلٰهًا آخَرَ لا لَا بُرْهَانَ لَهُ بِهِ لا فَإِنَّمَا حِسَابُهُ عِنْدَ رَبِّهِ ط إِنَّهُ لَا يُفْلِحُ الْكٰفِرُوْنَ ۝ وَقُلْ رَّبِّ اغْفِرْ وَارْحَمْ وَأَنْتَ خَيْرُ الرّٰحِمِيْنَ ۝

सुरए मुअमिनुन की यह आखरी आयतें खास फज़ीलत रखती है। बगवी और सअलबी ने हज़रत

अब्दुल्लाह इब्ने मस्ऊद रदि. से रिवायत किया है के उनका गुज़र एक ऐसे बिमार पर हुवा जो सख्त बिमारीयों में मुब्तला था। हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने मस्ऊद रदि. ने उसके कान में यह आयतें أَفَحَسِبْتُمْ से अखीर तक पढ दी। वह उसी वक्त अच्छा हो गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने उनसे दरयाफत किया के आपने उसके कान में क्या पढा? हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने मस्ऊद रदि. ने अर्ज़ किया के यह आयतें पढी है। रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया कसम है उस ज़ात की, जिसके कब्ज़े में मेरी जान है अगर कोई आदमी जो यकीन रखनेवाला हो यह आयतें पहाड के सामने पढ दे तो पहाड अपनी जगह से हट सकता है।

(कुर्तुबी: १२/१५७)

﴾३४﴿ हर किस्म के दर्द ओर बुखार की दुआ

بِسْمِ اللّٰهِ الْكَبِيْرِ، أَعُوْذُ بِاللّٰهِ الْعَظِيْمِ، مِنْ شَرِّ كُلِّ عِرْقٍ نَّعَّارٍ وَّ مِنْ شَرِّ حَرِّ النَّارِ.

हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने अब्बास रदि. से मरवी है के नबीए करीम ﷺ सहाबा रदि. को हर किस्म के दर्द और बुखार के लीये यह दुआ सिखलाते थे।

(तिरमीज़ी पेज नं. २/२७ ह.नं.२०८०किताबुत्तीब्ब)

﴾३५﴿ बिमारी दूर करने के लिये

تَوَكَّلْتُ عَلَى الْحَيِّ الَّذِي لَا يَمُوتُ. اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِي لَمْ يَتَّخِذْ وَلَداً وَّ لَمْ يَكُنْ لَهُ شَرِيكٌ فِي الْمُلْكِ وَ لَمْ يَكُنْ لَّهُ وَلِيٌّ مِّنَ الذُّلِّ وَكَبِّرْهُ تَكْبِيراً.

हज़रत अबु हुरयरह रदि. फरमाते है के एक रोज़ में रसूलुल्लाह ﷺ के साथ बाहर निकला इस तरह के मेरा हाथ आपके हाथ में था आपका गुज़र ऐसे शख्स पर हुवा जो बहोत शिकस्ता हाल और परेशान था आपने पुछा के तुम्हारा यह हाल कैसे हो गया? उस शख्स ने अर्ज़ किया के बिमारी और तंगदस्ती ने यह हाल कर दिया, आप ﷺ ने फरमाया: के में तुम्हें चंद कलिमात बतलाता हुं वह पढोगे तो तुम्हारी बिमारी और तंगदस्ती जाती रहेगी वह कलिमात उपरवाले थे।

उसके कुछ अरसे के बाद फिर आप उस तरफ तशरीफ ले गए तो उसको अच्छे हाल में पाया आपने खुशी का इज़्हार फरमाया उसने अर्ज़ किया जबसे आपने मुझे यह कलिमात बतलाए थे में पाबंदी से उनको पढता हुं। (मआरिफुल कुर्आन: ५/५४३)

तंदुरस्ती और दीन दुनिया की आफियत और सलामती की दुआएं

﴾३६﴿ तंदुरस्ती और आफीयत के लीये

١۔ يَا حَيُّ يَا قَيُّوْمُ بِرَحْمَتِکَ أَسْتَغِيْثُ، أَصْلِحْ لِيْ شَأْنِيْ كُلَّهٗ، وَ لَا تَكِلْنِيْ إِلٰى نَفْسِيْ طَرَفَةَ عَيْنٍ.

(अत्तरगीब वत्तरहीब: २/४२१)

٢۔ اَللّٰهُمَّ عَافِنِيْ فِيْ بَدَنِيْ، اَللّٰهُمَّ عَافِنِيْ فِيْ سَمْعِيْ، اَللّٰهُمَّ عَافِنِيْ فِيْ بَصَرِيْ، لَآ إِلٰهَ إِلَّا أَنْتَ.

(अबु दावुद २/६९४)

उपरवाले दोनों कलिमात सुब्ह शाम तीन तीन बार पढ लेना चाहिये।

﴾३७﴿ हिफाज़त और आफीयत की खास दुआ

اَللّٰهُمَّ إِنِّى أَسْئَلُکَ الْعَافِيَةَ فِيْ الدُّنْيَا وَ الْاٰخِرَةِ، اَللّٰهُمَّ إِنِّىْ أَسْئَلُکَ الْعَفْوَ وَ الْعَافِيَةَ فِيْ دِيْنِيْ وَ فِيْ دُنْيَايَ وَ اَهْلِيْ وَ مَالِيْ، اَللّٰهُمَّ اسْتُرْ عَوْرَاتِيْ وَ اٰمِنْ رَوْعَاتِيْ، اَللّٰهُمَّ احْفَظْنِيْ مِنْ بَيْنِ يَدَيَّ وَ مِنْ خَلْفِيْ

وَ عَنْ يَمِيْنِي وَ عَنْ شِمَالِي وَمِنْ فَوْقِي، وَ أَعُوْذُ بِعَظْمَتِکَ أَنْ أُغْتَالَ مِنْ تَحْتِي.

फज़ीलत: हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने उमर रदि. फरमाते हैं के आँ हज़रत ﷺ। सुब्ह शाम इन अल्फाज़ से दुआ मांगा करते थे ओर इस मुबारक दुआ का अमल हमेशा रहा। (मिश्कात: १/२१० अबुदावुद: २/६९२)

(३८) सूरए मुअमिनुन की आखरी आयत का अजीब फायदा

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۝ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

أَفَحَسِبْتُمْ أَنَّمَا خَلَقْنَاكُمْ عَبَثًا وَّأَنَّكُمْ إِلَيْنَا لَا تُرْجَعُوْنَ. فَتَعَالَى اللّٰهُ الْمَلِکُ الْحَقُّ ۚ لَآ إِلٰهَ إِلَّا هُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيْمِ. وَمَنْ يَّدْعُ مَعَ اللّٰهِ إِلٰهاً آخَرَ ۙ لَا بُرْهَانَ لَهُ بِهٖ لا فَإِنَّمَا حِسَابُهُ عِنْدَ رَبِّهٖ ؕ إِنَّهُ لَا يُفْلِحُ الْكٰفِرُوْنَ. وَقُلْ رَّبِّ اغْفِرْ وَارْحَمْ وَأَنْتَ خَيْرُ الرّٰحِمِيْنَ.

नोट: इन आयात को सुब्ह-शाम पढते रेहना चाहिये। तंदुरस्ती और सलामती हासिल होगी। और गनीमत का माल हासिल होगा। (इब्नुस्सुन्नी: ह.नं.७७ पेज: ३३)

हर किस्म की मुश्किलात में आसानी और बेचैनी दूर करने की दुआएं

﴾३९﴿ भारी से भारी काम में आसानी के लीये

हदीसे पाक में यह दुआ मुसलमानों को तलकीन की गई है।

اَللّٰهُمَّ الْطُفْ لِي فِيْ تَيْسِيْرِ كُلِّ عَسِيْرٍ، فَإِنَّ تَيْسِيْرَ كُلِّ عَسِيْرٍ عَلَيْكَ يَسِيْرٌ. وَ اَسْئَلُكَ الْيُسْرَ وَ الْمُعَافَاةَ فِي الدُّنْيَا وَ الْآخِرَةِ.

(अलमुअजमुल अवसत तबरानी ह.नं. १२७२, २/१४६)

﴾४०﴿ मुश्किलात पर उबूर (काबु) हासिल करने का नुस्खा

أَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطَانِ الرَّجِيْمِ ۝ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝

وَتَمَّتْ كَلِمَتُ رَبِّكَ صِدْقًا وَّ عَدْلًا لَا مُبَدِّلَ لِكَلِمَاتِهِ، وَ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ.

गज़वए अहज़ाब में खन्दक खोदते वक्त जब भारी चटान निकल आइ तो यह आयत पढ कर आप ﷺ ने कुदाल मारी, जिससे वह चटान टुकडे टुकडे हो गई। (कुरतुबी: १४/१३० कमी-बेशी के साथ)

